राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर

दिनांक 20-02-2020 को उदयपुर जिले के दस राजकीय महाविद्यालयों के लिए गठित District Resource Assistance Committee (DRAC) की तृतीय बैठक राजकीय महाविद्यालय मावली के सेमीनार कक्ष में दोपहर 12:30 बजे से आयोजित की गयी जिसमे निम्न अधिकारी उपस्थित रहे-

1. डॉ. निधि श्रीवास्तव- प्राचार्य, राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर (RACE Centre)
2. डॉ. रेखा पंचोली- प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय खेरवाड़ा (RACE Co-Centre)
3. डॉ. ऋचा माथुर- प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय मावली
4. श्री शंकर लाल ढोली- राजकीय महाविद्यालय गोगून्दा
5. श्री रमेश चंद- राजकीय कन्या महाविद्यालय खेरवाड़ा
6. सुश्री बबीता - राजकीय महाविद्यालय झाडोल
7. डॉ. फ़िरोज़ मोहम्मद- हाडा रानी राजकीय महाविद्यालय सलूम्बर
8. डॉ. शशि सांचेहर- राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर
9. डॉ. वंदना वर्मा- राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर
10. डॉ. विमलेश सोनी- आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, प्रभारी अधिकारी उदयपुर जिला
11. डॉ. श्रुति गुप्ता- आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, प्रभारी अधिकारी उदयपुर जिला

विश्वविद्यालय परीक्षा एवं स्टाफ की अनुपलब्धता के कारण राजकीय महाविद्यालय सराडा एवं राजकीय महाविद्यालय कोटड़ा के प्रतिनिधि बैठक में भाग नहीं ले पाए (इसकी पूर्व सूचना दोनों महाविद्यालयों ने भेज दी थी) |

राजकीय महाविद्यालय लसाडिया में दिनांक 20-02-2020 को श्री अर्जुन लाल मीणा, सांसद- उदयपुर के मुख्य आतिथ्य में वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम था | अतः, महाविद्यालय के प्रतिनिधि बैठक में भाग नहीं ले पाए (इसकी पूर्व सूचना महाविद्यालय ने भेज दी थी) |

1. बैठक में सर्वप्रथम पिछली DRAC बैठक (08-11-2019) के मिनट्स सर्वसम्मति से पारित किये गए|
2. शून्य पदस्थापन वाले विषयों में DRAC के माध्यम से जो तात्कालिक व्यवस्थाएं करवाई गयी, उसकी सभी ने सराहना की | इन व्यवस्थाओं के अंतर्गत 81 शैक्षणिक संकाय सदस्यों द्वारा 315 कार्य दिवसों पर अन्य महाविद्यालयों में अध्यापन कार्य करवाया गया |
3. प्रयोगिक परीक्षायें करवाने हेतु भी राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर से संकाय सदस्यों को राजकीय कन्या महाविद्यालय खेरवाड़ा, राजकीय महाविद्यालय लसाडिया, राजकीय महाविद्यालय सराड़ा एवं राजकीय महाविद्यालय गोगून्दा भेजा गया हैं |
4. विश्वविद्यालय परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु प्रत्येक महाविद्यालय से सूचनाएं प्राप्त की गयी जो Annexure A पर संलग्न है |
5. विश्वविद्यालय परीक्षा करवाने हेतु राजकीय महाविद्यालय सराड़ा तथा कोटड़ा द्वारा अन्य महाविद्यालयों से वीक्षकों की मांग के सम्बन्ध में सर्वसम्मति से यह सुझाव दिया गया कि महाविद्यालय स्वयं के स्तर पर विश्वविद्यालय नियमानुसार अन्य स्रोतों से वीक्षकों की व्यवस्था करें | साथ ही इस समस्या से आयुक्तालय को अवगत करवाने की अनुशंसा की गयी |
6. राजकीय महाविद्यालय मावली में 27-02-2020 से विश्वविद्यालय परीक्षाएं प्रारम्भ हो रही हैं | प्रश्न पत्रों की सुरक्षा हेतु महाविद्यालय में कोई चौकीदार नहीं है तथा नया महाविद्यालय होने के कारण अभी तक विकास समिति का गठन नहीं हुआ है, अतः महाविद्यालय अपने स्तर पर भी चौकीदार की व्यवस्था नहीं कर सकता | समस्या के तात्कालिक समाधान हेतु प्रश्न पत्रों को पुलिस थाने में रखवाने का सुझाव

Scanned with CamScanner

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर

दिया गया | साथ ही महाविद्यालय द्वारा इस समस्या एवं इसके तात्कालिक समाधान से सुखाडिया विश्वविद्यालय उदयपुर को अवगत करवाने का भी सुझाव दिया गया |

7. राजकीय महाविद्यालय मावली अस्थाई भवन में होने के कारण कन्याओं एवं स्टाफ हेतु टायलेट की समस्या- कन्याओं एवं स्टाफ टॉयलेट हेतु पूर्व में निर्मित टॉयलेट्स के आगे एक दीवार और टीन शेड तथा दो दरवाज़े बनवाने का सुझाव दिया गया और इस कार्य में व्यय होने वाली राशि हेतु स्थानीय जन प्रतिनिधियों से आग्रह करने का सुझाव दिया गया | उद्योगों से भी CSR फण्ड के तहत आग्रह किया जा सकता है |
8. राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर ने लाइब्रेरियन का पद पिछले कई वर्षों से रिक्त पड़े रहने की समस्या रखी | महाविद्यालय का शीघ्र ही NAAC द्वारा प्रत्यायन होना है; ऐसे में लाइब्रेरियन का पद शीघ्रातिशीघ्र भरा जाना चाहिए |
9. राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर में स्थापना तथा लेखा शाखा संभालने हेतु कोई भी कर्मचारी नहीं है | NAAC प्रत्यायन से पूर्व ये पद भरे जाने आवश्यक हैं |
10. राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर के हॉस्टल में मेट्रेन की नियुक्ति आवश्यक है अन्यथा यह हॉस्टल जुलाई माह से संचालित नहीं हो पायेगा |
11. उदयपुर जिला प्रभारी अधिकारियों डॉ. विमलेश सोनी एवं डॉ. श्रुति गुप्ता द्वारा आगामी सत्र की 01 जुलाई से नियमित कक्षाओं के संचालन से सम्बंधित जानकारी दी गयी तथा महाविद्यालयों से नियमित कक्षाओं के संचालन में आने वाली संभावित कठिनाइयों का विषयवार विस्तृत ब्योरा दिनांक 29-02-2020 तक प्रभारी अधिकारियों को भेजने हेतु आग्रह किया गया जिससे आयुक्तालय द्वारा शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं की जा सकें |
12. आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा द्वारा संचालित की जाने वाली अन्य योजनाओं यथा कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम, संवाद संगम कार्यक्रम, प्रियदर्शिनी उड़ान केंद्र, प्रतियोगिता दक्षता कार्यक्रम, कमिश्नर की कक्षा इत्यादि पर भी विस्तृत चर्चा हुई |

धन्यवाद ज्ञापन के साथ DRAC की तृतीय बैठक समाप्त हुई |

प्राचार्य
राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर
(RACE Centre)

Scanned with CamScanner